**दिनांक : 31.05.2025** **समय : 07.10PM**

## आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

### मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, हमारी सरकार लोकमाता अहिल्या बाई के नागरिक देवों भवः मंत्र को अपना रही है।
- प्रधानमंत्री ने सतना और दतिया हवाई अड्डों के साथ इन्दौर मेट्रो के पहले चरण सहित कई बुनियादी परियोजनाओं का किया उद्घाटन।
- विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर प्रदेश में जागरूकता कार्यक्रमों का हुआ आयोजन।
- प्रदेश में आंधी–बारिश का दौर जारी, 21 से ज्यादा जिलों में अलर्ट।

**अब समाचार विस्तार से–**

**प्रधानमंत्री महासम्मेलन**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आपरेशन सिंदूर भारत की वीरता का प्रतीक बन गया है। आतंकवादियों ने नारी शक्ति को चुनौती दी थी लेकिन यही चुनौती उनके लिए और उनके आकाओं के लिए घातक साबित हुई। भोपाल में लोकमाता देवी अहिल्या बाई की 300वीं जयंती पर आयोजित महिला सशक्तीकरण महासम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर देश के इतिहास में अब तक की सबसे बडी सफलता है।

सरकार की जनकल्याण योजनाओं का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार लोकमाता अहिल्याबाई के नागरिक देवो भवः मंत्र को भी शासन में अपना रही है। हमारी सरकार महिला नेतृत्व में विकास के दृष्टिकोण को मुख्य आधार बना रही है। सरकार की हर बडी योजना में महिलाओं की भूमिका मुख्य है। उन्होंने कहा कि देवी अहिल्याबाई होल्कर ने हमेशा सुशासन पर बल दिया।

_इस आयोजन के दौरान प्रधानमंत्री ने इंदौर मेट्रो के पहले चरण, सतना और दतिया हवाई अड्डों सहित कई बुनियादी परियोजनाओं का उद्घाटन किया। दतिया हवाई अड्डा साठ करोड की लागत से 124 एकड में बनाया जाएगा जबकि सतना हवाई अड्डे पर 37 करोड खर्च होंगे। उन्होंने कहा कि आज का कार्यक्रम देवी अहिल्याबाई की सोच को आगे बढ़ाता है। आज इंदौर में मेट्रो और सतना–दतिया में एयरपोर्ट की शुरुआत हुई है। ये सभी प्रोजेक्ट मप्र में सुविधाएं बढ़ाएंगे, विकास को गति देंगे और रोजगार के नए अवसर बनाएंगे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ड़ॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार गरीब, किसान, युवा और नारी सहित हर वर्ग के कल्याण के लिए केंद्र सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर कार्य कर रही है।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने एक हजार दो सौ 71 अटल ग्राम सेवा सदनों के निर्माण की पहली किस्त भी जारी की। इनसे ग्राम पंचायतों के लिए स्थायी कार्यालय बन सकेंगे और अटल ग्राम सुशासन भवन भी बनाये जा सकेंगे। देवी अहिल्याबाई होल्कर के सम्मान में एक स्मारक डाक टिकट और तीन सौ रूपये सिक्का भी जारी किया।

**भूमि पूजन**

मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने आज उज्जैन में आयोजित कार्यक्रम में जल संसाधन विभाग के लगभग 864 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का भूमि पूजन किया। इनमें शिप्रा नदी पर घाट निर्माण के साथ ही बैराज, स्टॉप डेम एवं वेंटेड कॉजवे निर्माण कार्य शामिल हैं। सिंहस्थ 2028 के अंतर्गत आने वाले श्रद्धालुओं को मोक्षदायनी शिप्रा नदी के निर्मल और अविरल जल में सुगमता से स्नान और सुविधा की दृष्टि से

उज्जैन में विभिन्न विकास कार्य कराए जा रहे हैं ।

**विकसित कृषि संकल्प अभियान**

देश में 29 मई से 12 जून 2025 तक विकसित कृषि संकल्प अभियान आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराजसिंह चौहान ने आज विभिन्न राज्यों के विधायकों से वर्चुअल संवाद किया। झाबुआ जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित कर उपस्थित किसान भाइयो को नवीन उन्नत तकनीकी की जानकारी से रूबरू कराया गया।

इस दौरान आत्मा द्वारा आयोजित विशेष कृषक संगोष्ठी में सांसद अनीता चौहान ने अपने वक्तव्य के दौरान किसानो से सीधा संवाद किया। उन्होंने किसानों से शासन द्वारा आयोजित 15 दिवसीय अभियान में सहभागिता करने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसान खेती में किये गये नवाचार एवं उन्नत तकनीकी की जानकारी प्राप्त कर कम लागत में अधिक मुनाफा प्राप्त करे।

**विश्व तंबाकू निषेध दिवस**

आज विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जा रहा है। तंबाकू एक धीमा जहर है, इससे बचाव ही समझदारी" थीम पर प्रदेश में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा प्रदेश के सभी जिलों में तंबाकू व नशा विरोधी गतिविधियाँ पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की थीम पर आधारित कार्यक्रमों की श्रृंखला में प्रत्येक जिले में प्रभातफेरी, मैराथन, रंगोली, नुक्कड़ नाटक और गीत–संगीत के माध्यम से समाज को तंबाकू के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। भोपाल में आयोजित मुख्य समारोह में स्कूली बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रमों के माध्यम से कैंसर, टीबी और हृदय रोग जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव का संदेश दिया गया। राज्य के गुना,शिवपुरी,खंडवा,देवास सहित अन्य जिलों से भी विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाये जाने के समाचार मिले है।

**मांडविया – फिट इंडिया**

फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल पहल के 25वें संस्करण को कल पूरे देश में एक विशेष तिरंगा रैली के रूप में मनाया जाएगा। केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया राष्ट्रीय राजधानी में इस विशेष संस्करण का नेतृत्व करेंगे।

युवा मामले और खेल मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि 3 जून को विश्व साइकिल दिवस के साथ, कल का कार्यक्रम न केवल फिटनेस में साइकिल की बड़ी भूमिका के संदेश को पुष्ट करेगा, बल्कि भारत के सशस्त्र बलों के लिए एक सामूहिक श्रद्धांजलि के रूप में भी काम करेगा। बयान में कहा है कि राष्ट्रीय राजधानी में एक हजार दो सौ से अधिक साइकिल चालकों के आने की उम्मीद है और देश भर में दो हजार से अधिक स्थानों पर इस रविवार को कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

**मौसम**

प्रदेश में तेज आंधी–बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान राजधानी भोपाल समेत 21 से ज्यादा जिलों में बारिश और आंधी का अलर्ट जारी किया है। यहां 50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। विभाग के अनुसार, प्रदेश में 3 जून तक ऐसा ही मौसम रहेगा। हालांकि, तापमान में 3 से 4 डिग्री की बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। रात में पारा बढ़ सकता है, लेकिन कहीं भी लू चलने का अलर्ट नहीं है।

**उपाय ऐप**

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के अंतर्गत आने वाले 16 जिलों के बिजली उपभोक्ताओं को एक ही प्लेटफॉर्म पर अनेक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। कंपनी ने बिजली उपभोक्ता की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कंपनी के उपाय ऐप को अपग्रेड कर दिया है। अब बिजली उपभोक्ता कंपनी के उपाय ऐप से घर बैठे ही अपने बिजली कनेक्शन से

संबंधित अनेक सुविधाओं का लाभ केवल एक ऐप के माध्यम से ही उठा सकते है।

**समाचार संक्षेप में**

- म.प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी द्वारा कंपनी के स्थापना दिवस के अवसर पर 16 जून को कंपनी मुख्यालय के साथ ही भोपाल और ग्वालियर क्षेत्र में विभिन्न सांस्कृतिक व सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।
- युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, फार्मास्यूटिकल्स विभाग के सहयोग से कल जन औषधि केंद्र अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम शुरू करेगा। इस 15 दिवसीय कार्यक्रम के तहत, देश भर के प्रत्येक जिले में पांच जन औषधि केंद्रों पर पांच युवा स्वयंसेवकों को तैनात किया जाएगा।
- रीवा के शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय में लोकमाता अहिल्याबाई का त्रि शताब्दी समारोह मनाया गया।
- शहडोल जिले में शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत 898 छात्रों का अशासकीय विद्यालयों के लिए चयन किया गया है।
- देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती के अवसर पर सतना जिले की 6 महिलाओं को विभिन्न सेवाओं में उल्लेखनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

-----------------------------------